दैनिक जागरण 04/12/2025

# विद्यार्थियों को 12वीं के बाद करियर की संभावनाएं बताईं

**अंबाला, विज्ञप्तिः** गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज, अंबाला छावनी के शिक्षकों द्वारा गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बीसी बाजार अंबाला छावनी में क्षमता निर्माण एवं 12वीं के बाद करियर विकल्प विषय पर एक प्रेरक और सार्थक व्याख्यान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, बदलते करियर परिदृश्य और व्यावसायिक जगत में उपलब्ध नए अवसरों के प्रति जागरूक करना व उनमें आत्मविश्वास एवं निर्णय क्षमता का विकास करना था। इस मौके पर डा. कमलेश कुमारी, सहायक प्राध्यापक डा. ज्योति सौरोत, महक तलवार आदि मौजूद रहे।